**खबर संक्षेप**

### मुख्यमंत्री ने पूर्व मंत्री हर्ष नारायण को दी श्रद्धांजलि



**सतना।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मंगलवार को जिले के रामपुर बाघेलान कस्बा स्थित पूर्व मंत्री स्व.हर्ष नारायण सिंह के निवास पहुंचकर उनको भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक विक्रम सिंह विक्की एवं श्री सिंह के परिवार के सभी सदस्यों के अलावा क्षेत्र के कई भाजपा नेतागण भी उपस्थित रहे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्यामलाल गुप्ता से मिली जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव 3 अप्रैल को पुनः सतना आयेंगे। सीएम प्रातः10 बजे बीटीआई ग्राउंड में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित नामांकन रैली को संबोधित करेंगे। तत्पश्चात भाजपा द्वारा आयोजित रोड शो में शिरकत करते हुए पार्टी प्रत्याशी का पर्दा दाखिल कराएंगे। बताया गया है कि मुख्यमंत्री मोहनलाल यादव रोड शो निकालकर गणेश सिंह के साथ नामांकन पत्र भरवाने कलेक्ट्रेट जायेंगे।

### 4 अभ्यर्थियों ने प्रस्तुत किये नाम-निर्देशन पत्र

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 28 मार्च से जारी है। मंगलवार 2 अप्रैल को सतना संसदीय क्षेत्र के लिए नामांकन जमा करने के तीसरे दिन 4 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन प्रस्तुत किया। इनमें अभ्यर्थी अशोक कुमार गुप्ता ने भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से,हरिशंकर प्रसाद ने भारतीय जनमोर्चा पार्टी से,रंजना मिश्रा ने न्याय धर्मसभा पार्टी से एवं अशोक कुमार ने निर्दलीय अभ्यर्थी के रुप में अपना नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर अनुराग वर्मा के समक्ष प्रस्तुत किया। तीसरे दिन कुल 6 नामांकन पत्र दाखिल हुये। इनमें से अशोक कुमार गुप्ता और हरिशंकर प्रसाद ने दो-दो नामांकन पत्र दाखिल किये।लोकसभा निर्वाचन 2024 में 2 अप्रैल तक की स्थिति में कुल 6 अभ्यर्थियों द्वारा 8 नाम-निर्देशन पत्र दाखिल किये गये हैं। जिसमें से 28 मार्च को शून्य,30 मार्च को 2 एवं 2 अप्रैल को 6 नाम-निर्देशन पत्र दाखिल हुये हैं।

**4 अप्रैल है अंतिम तिथि_** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में दूसरे चरण के लिये घोषित कार्यक्रमानुसार लोकसभा क्षेत्र सतना के लिये नाम-निर्देशन पत्र 28 मार्च से संयुक्त कलेक्ट्रेट सतना के कक्ष क्रमांक एफ-2 न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट सतना में प्राप्त किये जा रहे हैं।

### 6 अपराधियों पर की गई बाउंड ओवर की कार्यवाही

**सतना।** सतना जिले में शांतिपूर्ण,निष्पक्ष,भय-रहित वातावरण में लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन कार्यक्रम को संपन्न कराने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर,प्रतिबंधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने जिले के 6 आदतन अपराधियों के विरुद्व संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने का आदेश जारी किया हैं। आदेश में सभी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के आरोपियों को एक वर्ष तक माह के प्रथम सोमवार को अपनी उपस्थिति थाने में दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

## अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्यवाही

# नगर निगम ने उतैली में ढहाए पक्के मकान

नगरनिगम के अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने मंगलवार को उतैली में स्थित प्रधानमंत्री आवास के निकट अवैध रूप से कब्जा करके बनाए गए एक मकान को जेसीबी की मदद से जमींदोज कर दिया।

सतना।





यहां पर आधा दर्जन से अधिक अतिक्रमणकर्ताओं को हटाया गया है। बेदखल किये गये लोग उ.प्र.के शंकरगढ़ के निवासी बताये जाते हैं। यह लोग पत्थर की हाथ चक्की,सिलबट्टा,मूर्तियां आदि बनाकर बिक्री करने वाले ये लोग इसके पूर्व रेलवे की जमीन में डेरा डाले हुए थे।

**जेसीबी से ढहाया गया अवैध पका मकान**

अतिक्रमण दस्ता प्रभारी आरपी सिंह परमार के मार्गदर्शन में नगर निगम के अमले ने सुबह से उतैली पहुंच कर कार्यवाही शुरू की। इस कड़ी में दस्ते द्वारा पीएम आवास के बगल में अवैध रूप से बनवाये गये एक अवैध पक्के मकान को जेसीबी से जमींदोज करवा दिया गया। उतैली में दस्ते द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही किये जाने के दौरान समूचे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल देखा गया।

**डेढ़ दर्जन लोगों को दी गयी 24 घंटे की मोहलत**

इसके अलावा लगभग डेढ़ दर्जन अतिक्रमणकर्ताओं को अपने अतिक्रमण 24 घंटे के अंदर हटाने की चेतावनी दी गयी है।यदि यह अतिक्रमणकर्ता मोहलत की इस अवधि में अपने आवासों के समक्ष कराये गये अवैध निर्माण को नहीं हटवाते हैं तो नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता सभी अतिक्रमणों को सख्ती के साथ हटवा देगा।

**गोमती-ठेलों पर भी कार्यवाही**

अतिक्रमण दस्ता ने उतैली स्थित पीएम आवास कॉलोनी में नगर निगम की अनुमति बगैर अवैध रूप से ठेला,गोमती रखकर कारोबार करने वाले कई अतिक्रमणकर्ताओं को भी हटवा दिया।इनको दस्ते द्वारा आगाह किया गया कि पीएम आवास परियोजना के आवासों के लिये आरक्षित भूमि पर कब्जा करके पुनः गोमती, ठेले स्थापित न करें।अन्यथा गोमती-ठेलों के साथ सामान की भी जब्ती की जायेगी।

**घर के सामने बने बाड़ी, चबूतरे, शेड हटाये**

अतिक्रमण दस्ता प्रभारी आरपी सिंह परमार जब अपनी टीम के साथ उतैली में अतिक्रमण हटाने पहुंचे तो यह देखकर दंग रह गये कि दर्जनों हितग्राहियों ने अपने आवासों के सामने अतिक्रमण करके बाड़ी बना डाली थी तो कई लोगों ने घास-पूस की झोपडियां तो कुछलोगों ने चबूतरे और शेड बना लिया था। प्रधानमंत्री आवास योजना के इन सभी हितग्राहियों द्वारा अपने-अपने आवंटित आवासों के आगे-पीछे अतिक्रमण करके करवाये गये अवैध निर्माणों के चलते आवासों का नक्शा ही बदल गया था। दिलचस्प बात यह है कि किसी भी आवंटी द्वारा नगर निगम के परियोजना से संबंधित अधिकारी अथवा नगर निगम आयुक्त से किसी भी निर्माण के संबंध में कोई भी अनुमति प्राप्त नहीं की गईथी। परियोजना की जमीन पर लगभग आधा दर्जन से अधिक लोगों द्वारा मनमाने ढंग से कराये गये निर्माण को नगर निगम की टीम ने ढहा दिया।



## एसडीएम ने चैत्र नवरात्रि मेला प्रांगण का निरीक्षण किया

मैहर।

एसडीएम विकाश सिंह द्वारा मैहर मां शारदा मंदिर प्रांगण में लगने वाले चैत्र नवरात्रि के मेले की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। जिसमे मुख्य रूप से जगह जगह पीने के पानी की व्यवस्था,बाहर से आने वाले यात्रियों के ठहरने के लिए टेंट की व्यवस्था,और विद्युत सप्लाई व्यवस्था का जायजा लिया। नल जल योजना के अधिकारियो और कर्मचारियों को मेला प्रांगण में कार्यरत खोदे गए गड्ढों और पाइप लाइनों को कल दिनांक तक व्यवस्थित करने के लिए निर्देश दिए गए एवं समिति के कर्मचारियों को अवैध अतिक्रमण को हटाने के कार्यवाही करने के आदेश दिए गए। इस मौके पर तहसीलदार जितेंद्र पटेल,मुख्यनगर पालिका अधिकारी लालजी ताम्रकार,महिला बाल विकाश अधिकारी विद्याचरण तिवारी,इं.सी बी सिंह,इं.एसबी सिंह एवं शारदा प्रबंध समिति के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बीड़ी मजदूरों को आवंटित भूमि पर भूमाफिया का कब्जा

## दबंगई के साथ आवंटित भूमि की ब्रिकी, खरीदी किए जाने का आरोप







मैहर।

मैहर में इस कदर भूमाफियों के हौसले बुलंदी पर है कि मैहर के अधिकांश तालाबों को निगल कर ब्रिक्री कर चुके है जिससे तालाबों का वजूद खत्म हो गया है। वहीं मैहर जिले के बीड़ी मजदूरों के लिए आवंटित भूमि को भी अब अवैध तरीके से बेचने और खरीदने का काम जोरों से चल रहा है। बीड़ी मजदूरों के द्वारा बताया जा रहा है कि उदयपुर की आराजी नं.246,257,258 व आराजी 38 में शासकीय भूमि व उसकी मेढ एवं उससे लगी आम निस्तार के साथ बीड़ी मजदूरों के आवागमन के लिए आवंटित की गई थी। इस भूमि में अवैध कब्जा कर कुछ लोगों के द्वारा बेची जा रही है। इस संबंध की शिकायत कलेक्टर से लेकर संभागायुक्त तक की जा चुकी है लेकिन प्रशासनिक कार्यवाही नहीं होने के कारण भूमाफियों के हौसले बुलंदी पर है और उक्त शासकीय जमीन को खदु बुर्द कर रहे है।फरियादियों द्वारा न्याायालय में शरण ली गई।बीड़ी श्रमिकों के द्वारा मैहर कलेक्टर को आवेदन पत्र देकर बताया गया है कि उक्त जमीन की जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की गई थी किंतु अभी तक ठोस कार्यवाही नहीं की गई है जिसके चलते भूमाफिया के द्वारा जमीन खरीद फरोख्त की जा रही है। यह भी बताया गया है कि बीड़ी मजदूर अधिकांश हरिजन आदिवासी एवं पिछड़ा वर्ग के श्रेणी के लोग जो आर्थिक रूप से कमजोर और महंगी प्रक्रिया से लड़ने में असमर्थ है। उक्त जमीन को लेकर न्यायालय के द्वारा परिस्थियों को गंभीरता से देखते हुए बीड़ी श्रमिकों की सुरक्षा एवं आम निस्तार को लेकर माननीय उच्च न्यायालय के आ.क्र.13736/2023 दिनांक 28 जून 2023 के आदेश परिपालन के जरिए तहसीलदार मैहर राजस्व अधिकारी के द्वारा अतिक्रमण हटवा कर वादग्रस्त भूमियों को अतिक्रमण मुक्त निस्तार बहाल किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। अतः जिला कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उक्त भूमि की जांच कर अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की मांग बीड़ी मजदूर कल्याण समिमि रीवा संभाग मध्य प्रदेश ने की है।

# बढ़ायें कदम, दिखायें वोट का दम- लोकसभा निर्वाचन 2024

## मेंहदी और रंगोलियों के माध्यम से दिया गया मतदाता जागरुकता का संदेश







सतना। ‹

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशन में लगातार स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। स्वीप गतिविधियों के क्रम में मंगलवार को सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में मेंहदी और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई।इसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर और हांथों में मेंहदी रचाकर मतदाता जागरुकता का संदेश दिया।अमरपाटन विधानसभा में निर्वाचन की गतिविधियों का निरीक्षण करने के दौरान रामनगर अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र में एसडीएम आरती यादव और सीएमओ रामनगर सौम्या मिश्रा ने भी हांथों में मेंहदी रचाकर स्वीप गतिविधि में सहभागिता निभाई।आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा आंगनवाड़ियों में मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न तरह की आकर्षक रंगोलियां सजाई गईं। यह रंगोली राहगीरों एवं केंद्रों में आने वाले लोगों के लिए के लिए बड़े ही आकर्षण का केंद्र बनीं। जिन्हें लोगों ने तत्परता के साथ देखा। स्थानीय नागरिक भी रंगोली से बने संदेश को पढ़कर उत्साहित हुए। इसके उपरांत ग्राम कर्रा में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने मतदाता जागरुकता की रैली निकालकर ग्रामीण मतदाताओं को मतदान करने का संदेश दिया। इस रैली में मतदाता जागरूकता से संबंधित नारों,स्लोगन,पोस्टर और गीतों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने का संदेश दिया गया। इस दौरान लोगों से आग्रह किया गया कि 26 अप्रैल 2024 को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में अपने मतदान केंद्र पर जाकर मताधिकार का प्रयोग करते हुये जागरूक नागरिक होने के कत्तव्य का निर्वाह करें।

**मतदाता जागरुकता के लिये मैराथन आज**

लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक करने स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 3 अप्रैल को 'एक दौड़ मतदान के लिये' थीम पर मतदाता जागरुकता मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। यह मैराथन परेड ग्राउंड सिविल लाइन से धवारी स्टेडियम तक आयोजित होगी। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा सतना शहर के नागरिकों से मैराथन में भाग लेने का आग्रह किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा दौड़ को हरी झंडी दिखायेंगे।सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों से स्वीप गतिविधि में उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

# जिला अधिवक्ता संघ सभागार में विदाई एवं होली मिलन समारोह आयोजित

सतना।

जिला अधिवक्ता संघ सतना के सभागार में मंगलवार को दोपहर 2 बजे न्यायिक अधिकारी गणों का विदाई समारोह एवं होली मिलन का कार्यक्रम प्रधान न्यायाधीश अजय कुमार श्रीवास्तव के मुख्य अतिथि में एवं संघ के अध्यक्ष बद्री विशाल पाठक की अध्यक्षता में तथा राज्य अधिवक्ता परिषद के सह अध्यक्ष जगन्नाथ त्रिपाठी के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष खरे एवं सह संचालन मनोज पाण्डेय द्वारा किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित न्यायाधीश गण एवं अधिवक्ताओं को अबीर लगाकर उनका माल्यार्पण कर व पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिवक्ताओं द्वारा होली मिलन एवं विदाई से संबंधित गीत प्रस्तुत किए गए सतना जिले से विशेष न्यायाधीश एससी राय के सिवनी प्रधान जिला न्यायाधीश के पद पर,जिला न्यायाधीश इन्दुकांत तिवारी, सिद्धार्थ तिवारी,यतेंद्र कुमार गुरु,नजमा बेगम,प्रवीण कुमार सिन्हा,शिल्पा तिवारी,अनुराग द्विवेदी,योगीराज पांडेय,न्यायिक दण्डाधिकारी शिरीष शुक्ला,संगीता शुक्ला,शुभांगी तिवारी के स्थानांतरित होने पर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी गई नवागत जिला न्यायाधीश मुकेश सिंह चौहान एवं दीनानाथ वाडिवा की जिला न्यायालय सतना में पदस्थापना होने पर उनका स्वागत किया गया। अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष केपी शर्मा,एलबी सिंह,राज बहादुर सिंह द्वारा न्यायाधीशों एवं अधिवक्ताओं की होली की शुभकामनाएं देते हुए स्थानांतरित न्यायाधीशों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा सभी न्यायाधीशों द्वारा प्रतिस्थापनना के दौरान किए गए कार्यो एवं व्यवहार कि सराहना की राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्य जगन्नाथ त्रिपाठी द्वारा स्थानांतरित न्यायाधीशों के न्यायालय कार्य की प्रशंसा करते हुए उनके पुनः सतना जिला न्यायालय में प्रतिस्थापित होने पर स्थापित होने पर जिला अधिवक्ता संघ सतना को खुशी होगी तदुपरांत स्थानांतरित सभी न्यायाधीशों द्वारा जिला न्यायालय सतना में कार्य के दौरान अधिवक्ताओं के सहयोग की सराहना करते हुए उन्हें न्याय कर में सहयोग देने हेतु आभार व्यक्त किया। प्रधान जिला न्यायाधीश अजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा न्यायाधीश गणो की नई पारी स्थापना की शुभकामनाएं देते हुए अधिवक्ताओं को होली की शुभकामनाएं दी और आज के कार्यक्रम की सराहना की जिला अधिवक्ता संघ सतना के अध्यक्ष बद्री विशाल पाठक ने स्थानांतरित सभी न्यायाधीशों के उज्जवल भविष्य की शुभकामना की एवं होली मिलन पर अधिवक्ताओं को होली की बधाई दी,कार्यक्रम के अंत में जिला अधिवक्ता संघ सतना के सचिव शैलेश पाण्डेय ने उपस्थित न्यायाधीशों एवं अधिवक्ताओं को कार्यक्रम में उपस्थित होने पर आभार व्यक्त किया।

# एयरटेल ने ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने अपने नेटवर्क का किया विस्तार

**रीवा/सतना।** भारत के अग्रणी टेलीकम्युनिकेशन सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक, भारती एयरटेल ने आज घोषणा की है कि उसने अपने नेटवर्क को सघन करने के लिए रीवा और सतना जिले में नई साइटें स्थापित की हैं। रीवा और सतना जिले के 4024 गांवों में 40.5 लाख ग्रामीण आबादी को बेहतर मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी से लाभान्वित करने के लिए नेटवर्क वृद्धि परियोजना की गई है। इस परियोजना के तहत, हनुमना, रायपुर कर्चुलियान, मऊगंज, हुजूर, गुढ़, सिरमौर, त्योंथर, रामपुर बाघेलान, रामनगर, मैहर, अमरपटन, ऊँचेहरा, नागौड और रघुराजनगर तहसीलों में मोबाइल टावरों की संख्या बढ़ाई गई है और मौजूदा टावरों को अपग्रेड किया गया है, जिससे इन इलाकों के ग्राहक लाभान्वित होंगे और उन्हें निर्बाध हाई स्पीड कनेक्टिविटी प्राप्त होगी। यह विस्तार ग्रामीण रीवा और सतना में काम, अध्ययन और मनोरंजन के लिए विश्वसनीय मोबाइल नेटवर्क सुनिश्चित करेगी।

# निगरानी दलों द्वारा नाकों पर चेकिंग और असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही जारी

सतना।

लोकसभा निर्वाचन 2024 की आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद शांतिपूर्ण,निर्विघ्न, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा गुंडे, बदमाश और आदतन अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही का सिलसिला सतत जारी है। इसी के साथ ही व्यय निगरानी दलों द्वारा नाकों पर अवैध रुप से परिवहन की जा रही सामग्री के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को एसडीएम अमरपाटन आरती यादव ने लालपुर में एसएसटी द्वारा चलाये जा रहे चेकिंग अभियान का निरीक्षण किया गया। साथ ही अमरपाटन विधानसभा के वर्नरेबल क्षेत्र में इटमा कोठार में धारा 107 और 116 के तहत असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई।



## एसडीएम द्वारा जिगनी और चंदौरा में संचालित अवैध रेत खदानों पर की छापेमार कार्यवाही

# संयुक्त टीम ने रेत से लोड पांच हैवी ट्रक पकड़े

*पन्ना जिले में अजयगढ़ तहसील अंतर्गत अवैध रेत खदानों पर 48 घंटे के अंदर सोमवार को दूसरी बार प्रशासन की टीम ने औचक दबिश दी, लेकिन कार्रवाई की सूचना लीक होने से रेत माफिया अपने गुर्गों समेत रेत निकालने वाली मशीनों को लेकर मौके से भाग खड़े हुए।*





पन्ना।

रेत की लोडिंग के लिए जिगनी और चंदौरा खदान पर आए आधा सैंकड़ा से अधिक ट्रक भी बैरंग उत्तर प्रदेश की सीमा में लौट गए। राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल ने घेराबंदी कर रेत से लोड पांच ट्रकों पकड़ लिया। रेत का अवैध परिवहन करने वाले इन ट्रकों को जब्त कर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस चौकी चंदौरा के परिसर में खड़ा कराया है। बता दें कि इसके पूर्व 30 मार्च को प्रशासन की टीम द्वारा केन नदी पर अवैध रूप से संचालित भीना और चांदीपाठी रेत खदान पर छापामार कार्रवाई की गई थी। सोमवार 01 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे अजयगढ़ एसडीएम कुशल सिंह गौतम की अगुवाई में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने उत्तर प्रदेश की सीमा के नजदीक स्थित जिगनी और चंदौरा रेत खदान पर छापा मारकर अवैध रेत से लोड पांच ट्रकों को पकड़ लिया। प्रशासन की कार्यवाही जद में आने से बचने के लिए संबंधित चालक व हेल्पर मौके पर अपने ट्रकों को छोड़कर फरार हो गए। संयुक्त दल ने पकड़े गए ट्रकों को जब्त करते हुए बड़ी मशक्कत के बाद चंदौरा ग्राम लाकर स्थानीय पुलिस चौकी परिसर में खड़ा कराया है। ट्रकों की सुपुर्दगी चौकी पुलिस को दी गई। प्रशासन के संयुक्त दल की कार्यवाही की खबर सोमवार को पुनः लीक हो गई थी। परिणामस्वरूप राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के दल-बल के साथ केन नदी पर अवैध रूप संचालित जिगनी एवं चंदौरा खदान पर कार्यवाही के लिए पहूंचने से पहले ही रेत माफिया अपने गुर्गों समेत मौके से भाग चुके थे। केन नदी से रेत निकालने में उपयोग की जा रहीं प्रतिबंधित पोकलेन मशीनों और लिफ्टर (पनडुब्बी) को भी उत्तर प्रदेश की सीमा में सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया था। सूत्रों ने बताया कि छापामार कार्यवाही के 1-2 घंटे पूर्व तक जिगनी और चंदौरा की अवैध रेत खदानों पर रेत की लोडिंग के लिए तकरीबन आधा सैंकड़ा से अधिक हाइवा-डंपर और हैवी ट्रक कतारबद्ध तरीके से अपना नंबर आने के इंतजार में खड़े थे। सबकुछ सामान्य तरीके रोज की तरह चल रहा था। केन नदी में उतरीं दर्जन भर पोकलेन मशीनें व लिफ्टर पानी के अंदर से रेत निकालने में जुटी थीं। तभी रेत माफिया को किसी से प्रशासन की टीम के प्लान का पता चलते ही हड़कंप मच गया। नदीं से मशीनें बाहर निकाल कर आनन-फानन सबको यूपी की तरफ भेज दिया। धरपकड़ के डर से अधिकांश ट्रक-डंपर चालक भी अपने वाहनों को वापस उत्तर प्रदेश ले गए। मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति निर्मित हो गई। प्रशासन की टीम जब मौके पर पहुंची तो घेराबंदी कर रेत से लोड सिर्फ पांच ट्रकों को ही पकड़ सकी। इस कार्रवाई में अजयगढ़ एसडीएम कुशल सिंह गौतम, तहसीलदार सुरेन्द्र अहिरवार, नायब तहसीलदार खेमचंद्र यादव, चंदौरा पुलिस चौकी प्रभारी, आरआई, पटवारी, पुलिस जवान और कोटवार शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### स्कूल व स्टेशनरी का गठजोड़, अभिभावकों की तोड़ रहा कमर

**पन्ना।** मध्यप्रदेश के स्कूलों में नया शिक्षण सत्र शुरू हो गया है। इसके साथ ही निजी स्कूलों की निर्धारित दुकानों से खरीदी करने दबाव बनाने के मामले सामने आए है। स्कूलों की मनमानी को रोकने के लिए मोहन सरकार ने एक आदेश जारी किया है. जारी आदेश में कहा गया है कि कोई भी प्राइवेट स्कूल अभिभावकों पर किसी निर्धारित दुकान से ही किताबें, यूनिफॉर्म और बाकी शिक्षण सामग्री खरीदने का दबाव नहीं बना सकते हैं अगर कोई स्कूल ऐसा करता है तो उस स्कूल के खिलाफ 2 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। जिला कलेक्टरों को आदेश जारी वैसे प्रदेश में सरकार हर साल अभिभावकों को निर्धारित दुकानों से किताब यूनिफॉर्म एवं अन्य सामग्री खरीदने के लिए बाध्य न करने के लिए निर्देश जारी करती है पर यह आदेश केवल महज औपचारिकता बनकर रह जाता है।

### स्मृति ईरानी आज करेंगी चुनावी सभा को संबोधित





**पन्ना।** लोकसभा सयोजक सदानंद गौतम ने अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं से पहुंचने की की अपील पन्ना/ भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी बी.डी. शर्मा 3 अप्रैल को अपना नामांकन फॉर्म भरने जा रहे हैं, नामांकन प्रक्रिया को संपन्न करने के लिए बीडी शर्मा जी के साथ-साथ केंद्रीय कपड़ा एवं महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी एवं प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव साथ रहेंगे। इसके अतिरिक्त वन मंत्री दिलीप अहिरवार स्थानीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह विधायक अरविंद पटेरिया ,विधायक राजेश वर्मा, विधायक प्रहलाद लोधी.विधायक श्री दिलीप जायसवाल विधायक संजय पाठक भी नामांकन प्रक्रिया में शामिल रहेंगे। भाजपा मीडिया प्रभारी दुर्गेश शिवहरे ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीमती स्मृति ईरानी स्थानीय नजर बाग ग्राउंड में प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव के साथ राष्ट्र के विकास के लिए बीडी शर्मा के समर्थन में वोट मांगेगी,और केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां को जनता के समक्ष रखेंगी। भाजपा लोकसभा सयोजक सतानंद गौतम ने संपूर्ण लोकसभा के कार्यकर्ताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्याएं पहुंचने की अपील की है।

### श्री सर्वेश्वर नाथ धाम में होली मिलन समारोह सम्पन्न



**पन्ना।** श्री सर्वेश्वर नाथ धाम मे पूज्य सचिन शास्त्री के सानिध्य मे भातेन्दु दाऊ की आयोजकता में होली मिलन महोत्सव के अद्भुत अविस्मरणीय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमे आये अतिथि के रुप मे जिलापंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्पराज सिंह, प्रदीप मिश्रा, शनि राजा, छोटे राजा, बबलू राजा, बल्लु दादा साथ ही क्षेत्र के हजारों भक्तो के साथ मनाई होली महोत्सव उसी के साथ लोगो ने लिया बुराई छोड़ने का संकल्प मंदिर परिसर में लिया गया।

### दस हजार से अधिक का नकद भुगतान नहीं कर सकेंगे उम्मीदवार

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी निर्वाचन व्यय के किसी भी मद में किसी भी व्यक्ति या इकाई को दस हजार रूपये से अधिक का भुगतान नकद में नहीं कर सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार उम्मीदवार को अपने निर्वाचन व्यय के किसी मद पर दस हजार से अधिक की राशि का भुगतान रेखांकित या एकाउंट पेई चेक, ड्राफ्ट अथवा आरटीजीएस या एनईएफटी के माध्यम से ही करना होगा। आयोग ने ये निर्देश आयकर अधिनियम की धारा 40ए (3) में एक अप्रैल 2017 को हुए संशोधन के मद्देनजर जारी किया है। इन निर्देशों में कहा है कि उम्मीदवारों अथवा राजनैतिक दलों द्वारा दस हजार रूपये से अधिक की राशि नगद के रूप में न तो खर्च की जा सकती है।



## छत्रसाल महाविद्यालय में ई-बुक्सा के उपयोग का हुआ प्रशिक्षण

**पन्ना।** जिले के अग्रणी महाविद्यालय मे पुस्तकालय विभाग द्वारा एक दिवसीय ई-बुक्स के उपयोग हेतु डॉ. एस.पी.एस. परमार के निर्देशन में एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पी.पी. मिश्रा के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के मुख्य सभागार में प्रशिक्षण संपन्न हुआ। महाविद्यालय के ग्रथपाल श्री विपिन कुमार द्वारा ई-ग्रंथालय सॉफ्टबेयर में व्च्ाब के माध्यम से कैसे पुस्तकों को डाउनलोड कर देखा व पडा जा सकता है, उसके बारे में बडी बरीकी से छात्रों को प्रयोगिक तौर पर सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस परमार द्वारा इस महत्वपूर्ण तथा बुनियादी आवश्यकता की पूर्ति के लिये इसके उपयोग हेतु छात्रों को प्रेरित किया गया । इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पी.पी. मिश्रा द्वारा इस प्रकार की सुविधा छात्रों को प्रदान किये जाने के लिये तथा पुस्तकों की पूर्ति के लिये क्रांतिकारी परिवर्तन की संज्ञा से सराहा । इसी क्रम में पुस्तकाल प्रभारी डॉ. गुलाब धर द्वारा ई-बुक्स के उपयोग हेतु छात्रों को और अधिक प्रेरित करने हेतु आगे ओर प्रयास किये जाने को कहा गया तथा सभी अभार ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में डॉ एस के पटेल, डॉ; मनोरमा गुप्ता, डॉ विनय श्रीवास्तव, डॉ सिद्धू सिंह डॉ बी.एन.जायसवाल, डॉ रजनीश चौरसिया डॉ पियूषा शर्मा डॉ अरविंद माण्डेलिया एवं समस्त अधिकारी/कर्मचारी व सभी संकाय के छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे।

## समाजवादी पार्टी की प्रेस वार्ता आयोजित

# वर्तमान सरकार किसानों को ठग रही




पन्ना।

समाजवादी पार्टी इंडियन इलायंस का ही एक घटक है। संयुक्त समझौते के अनुसार खजुराहो संसदीय क्षेत्र क्रमांक 8 समाजवादी पार्टी को आवंटित की गई हैं। जिसमें इलायंस के नियमो के अनुसार कांग्रेस और समाजवादी पार्टी मिलकर लोकसभा चुनाव को लेकर मैदान में है। इलांयस को विकल्प के तौर पेश किया गया है। वर्तमान सरकार किसानों की आमदनी दुकनी करने का प्रलोभन देकर किसानों को ठग रही है। किसानों की आमदनी न तो दुगनी हुई ऊपर से कर्जों का बोझ लादा जा रहा है। इतना ही नहीं सरकार भी विकास के नाम पर देश को कर्जे में डुबो रही है। यह चुनाव लोकतंत्र का चुनाव है। लोगों की जिंदगी किस तरीके से बदले हम समाजवादी पीछे नहीं रहेगें। हम कांग्रेस के साथ है और कांग्रेस हमारे साथ है। हमने हमेशा कांग्रेस का साथ दिया है सफलता के लिए कोई भी पार्टी आरोप प्रत्यारोप लगाती ही है। लेकिन वर्तमान सरकार ने किसानों, बेरोजगारों और मंहगाई के शिवा कुछ नहीं दिया। बेरोजगारों को रोजगार का सपना दिखा कर किसानों की आमदनी दुगनी बता कर और मंहगाई से आम आदमी बुरी तरह से प्रभावित हुआ है इन सभी के विकल्प के रूप में समाजवादी पार्टी के साथ इंडियन इलांयस का एक संयुक्त एजेण्डा बनाकर सबके सामने पेश है। आशा है कि आप लोगों के सहयोग से एक अच्छी सरकार बन जाये जिससे आप लोगों की जिंदगी बदल सकती है। जीएसटी के टोटल पे-बिल में आम आदमी की ही कमर टूट रही हैं। एक-दो रूपये के लालच देकर वर्तमान सरकार जेब काट रही है। वर्तमान के राजनैतिक घटनाक्रम से पता चलता है कि सरकार किस तरीके से अपने आप को महिमा मंडित कर आम आदमी को सिर्फ त्रस्त कर रही है। हम लोग समाज सुधार के लिए आये है। देश का कर्ज बढ़ रहा है, सरकार झूठ बोल रही है हम लोग यह सब आप लोगों को बताने आये है अभी भी समय है आप लोग सचेत हो जाये। कांग्रेस हमारे साथ खड़ी है और हम भी कांग्रेस के साथ खड़े है। मैं समाज को जोड़ने की बात कहता हूं हम गरीबों के साथी है। हम हर क्षेत्र में काम कर रहे है हमें मौका दो हम अच्छे कार्य करेगें। कांग्रेस एक पार्टी नहीं है कांग्रेस एक आंदोलन है कांग्रेस ने देश के लिए बहुत सी कुर्वानियां दी है। आओ हम सब लोग मिलकर भाजपा के कुचक्रों से निकलकर एक समाजवादी पार्टी को मजबूत आधार प्रदान करें।

## पानी की तलाश करते घरों में घुसने लगे वन्य प्राणी

# पन्ना में पुलिस लाइन के निकट मकान में घुसा सांभर



### पीटीआर की रेस्क्यू टीम ने पकड़कर खुले जंगल में छोड़ा

पन्ना।

तपिश बढ़ने के साथ ही जल संकट भी गहराने लगा है। नतीजतन पानी की तलाश में वन्य प्राणी रिहायसी इलाकों की ओर रुख करने लगे हैं। पन्ना शहर में पुलिस लाइन के निकट स्थित मकान में आज सुबह एक वयस्क नर सांभर घुस गया। प्यास और धूप से बेहाल यह सांभर मकान के भीतर घुसकर सीढ़ियों में जाकर बैठ गया। इस घर के लोगों ने जब वन विभाग को जानकारी दी तो पन्ना टाइगर रिज़र्व की रेस्क्यू टीम तुरंत मौके पर पहुंचकर सांभर का फिजिकल रेस्क्यू किया। स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत इस सांभर को स्वच्छंद विचरण हेतु केरवन के जंगल में छोड़ दिया गया है। गौरतलब है कि गर्मी के मौसम में तपिश बढ़ने के साथ ही जब जंगलों में पानी की उपलब्धता काम हो जाती है तो वन्य प्राणी पानी की तलाश में आबादी क्षेत्र में आने लगते हैं। इससे मानव व वन्य प्राणी संघर्ष की स्थितियां भी निर्मित होती हैं। पूर्व में हिंसक वन्य प्राणियों के आबादी क्षेत्र में आने व हमले की घटनाएं हो चुकी हैं। जिसे देखते हुए वन महकमे को सजकता के साथ-साथ वन क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु ठोस पहल करनी होगी। ताकि गर्मियों में मानव व वन्य प्राणी संघर्ष को रोका जा सके। शाकाहारी वन्य प्राणी सांभर के आबादी क्षेत्र में आने से कोई अप्रिय स्थिति तो नहीं बनी लेकिन आज की घटना ने यह संकेत जरूर दे दिया है कि आने वाले दिनों में जब तपिश और बढ़ेगी तो हिंशक वन्य प्राणी भी आबादी क्षेत्र की तरफ रुख कर सकते हैं। इन हालातों में अप्रिय स्थितियां निर्मित होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। इसलिए सजगता और पूर्व तैयारी बेहद जरुरी है। पन्ना टाइगर रिज़र्व के वन्य प्राणी स्वास्थ्य अधिकारी डा. संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि जैसे ही उन्हें मकान के भीतर सांभर के घुसने की जानकारी मिली , उन्होंने तत्काल रेस्क्यू टीम को रवाना किया। रेस्क्यू टीम में तफ्सील खान, उदयमणि सिंह परिहार, अरविन्द रैकवार,अर्जुन पाल, विनोद वर्मन व पुरुषोत्तम यादव शामिल थे। इस टीम ने पूरी दक्षता के साथ सांभर का फिजिकल रेस्क्यू किया। डॉ. गुप्ता ने बताया कि उनके द्वारा सांभर का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जो पूर्ण रूपेण स्वस्थ्य पाया गया। तक़रीबन 4-5 वर्ष का यह वयस्क सांभर बेहद खूबसूरत और शांत स्वाभाव का था, जिसे स्वस्थ हालत में केरवन के जंगल में ले जाकर स्वच्छंद विचरण हेतु छोड़ दिया गया है।



## अपराध की पुनरावृत्ति करने वाले आदतन अपराधी की पूर्व के मामले में करवाई गई जमानत निरस्त, आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

पन्ना।

पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना / चौकी प्रभारियों को आदतन अपराधियों (बार-बार अपराध करने वाले अपराधी) के विरूद्ध पूर्व में किये गये अपराधों में जमानत शर्तो का उल्लंघन करने वाले आरोपियों की जमानत निरस्त करवाये जाने की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व जिले के समस्त अनु. अधि. पुलिस के मार्गदर्शन एवं जिले के समस्त पुलिस थाना/चौकियों में कार्यवाही किये जाने हेतु थाना चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी धरमपुर उनि रवि सिंह जादौन द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार धरमपुर थाना क्षेत्र में बार - बार अपराध घटित करने वाले अपराधी कन्हैयालाल यादव के विरूद्ध जमानत निरस्ती की कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय से निवेदन करते हुये माननीय न्यायालय को बताया गया कि आरोपी कन्हैया लाल यादव एक आदतन अपराधी है । उक्त अपराधी द्वारा पूर्व में वर्ष 2022 में ग्राम छतैनी के रहने वाले लखन पिता सरजू कोरी उम्र 53 साल के साथ जमीनी विवाद पर से मारपीट करते हुए जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया गया था। मामले में फरियादी की रिपोर्ट पर थाना धरमपुर में आरोपी के विरुद्ध अप.क्र. 157/22 धारा 323, 294, 506, 34 भादवि 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2) (टा) ैबै्ज एक्ट का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। मामले में पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध अभियुक्त पत्र तैयार किया जाकर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उक्त प्रकरण माननीय न्यायालय में विचाराधीन है। मामले में आरोपी को सशर्त जमानत पर रिहा किया गया था। जमानत में रहने के दौरान आरोपी द्वारा पुनरू अपराध की पुनरावृत्ति करते हुये दिनांक 9/9/23 को ग्राम छतैनी के रामकरन कोरी पिता कल्लू कोरी उम्र 38 साल के साथ जमीनी बुराई पर से मारपीट करते हुए जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया गया। मामले में फरियादी की रिपोर्ट आरोपी के विरूद्ध पृथक से अपराध क्रमांक 222/ 23 धारा 323, 294, 506 भादवि 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2) (टा)ै बै्ज एक्ट का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया । आरोपी कन्हैयालाल यादव द्वारा पूर्व में अपराध घटित करने के बावजूद पुनरू अपराध कारित किया गया इस आधार पर पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध माननीय न्यायालय में आरोपी की जमानत निरस्त करने हेतु निवेदन किया गया। आरोपी द्वारा जमानत शर्तो का उल्लंघन किया पाये जाने पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी के जमानत मुचलका को निरस्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध गिरफ्तारी वारण्ट जारी किया गया। मामले में पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार जिला जेल पन्ना में न्यायिक अभिरक्षा में दाखिल किया गया। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी धरमपुर उनि रवि सिंह जादौन, सउनि एच सी राठौर, प्र.आर. अरूण सिंह, आर. जीतेन्द्र मिश्रा, अजय पटेल, वरूण सिंह एवं आर. चालक अखिल शुक्ला का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम के कार्य की प्रशंसा की गई है।

## सीमावर्ती राज्यों में व्यवसाय करने वाले मध्यप्रदेश के कामगारों को भी मिलेगा मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य के सीमावर्ती जिलों में व्यवसाय अथवा व्यापार करने वाले और औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं अन्य स्थापनाओं में नियोजित ऐसे कामगार जो उत्तरप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ राज्य के मतदाता हैं, उन्हें मतदान दिवस पर मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा। साथ ही अवकाश मंजूर किए जाने के कारण मजूदरी से कोई कटौती अथवा कमी नहीं की जाएगी और यदि ऐसा व्यक्ति इस आधार पर नियोजित किया जाता है कि उसे सामान्यतया किसी ऐसे दिन के लिए मजदूरी प्राप्त नहीं होगी तो इस बात के होते हुए भी उसके ऐसे दिन के लिए वह मजदूरी संदत की जाएगी जो उस दिन उसे अवकाश मंजूर न किए जाने की दशा में दी गई होगी। उल्लंघन पर नियोजक को 500 रूपए तक के जुर्माना से दण्डित किया जा सकेगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा के तहत किसी ऐसे निर्वाचक को आदेश लागू नहीं होगा, जिसकी अनुपस्थिति से उस नियोजन के संबंध में जिसमें वह लगा हुआ है, कोई खतरा या सारवान हानि हो सकती है। श्रम पदाधिकारी द्वारा पन्ना जिले के औद्योगिक वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों तथा अन्य सभी स्थापनाओं के नियोजकों को उक्त पांचों राज्यों के पंजीकृत मतदाताओं को मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे कामगारों के मतदान के अधिकार का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। इनमें संस्थान में कार्यरत आकस्मिक एवं दैनिक मजदूर भी शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को एसपी ने दी विदाई



**छतरपुर।** लंबे समय तक पुलिस विभाग में सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए दो पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक अगम जैन और एएसपी विक्रम सिंह द्वारा शॉल-श्रीफल, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर विदाई दी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक उप निरीक्षक मदन मोहन मिश्रा और कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक जगदीश प्रसाद मिश्रा के 31 मार्च को अधिवर्षता सेवा पूर्ण करने पर पुलिस अधीक्षक अगम जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह द्वारा पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपहार भेंट, शॉल-श्रीफल, पुलिस स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गय है। सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारियों को सम्मानित करते हुए एसपी और एएसपी ने उन्हें मंगलमय जीवन एवं अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सेवानिवृत्ति पुलिस अधिकारियों के साथ उनके परिजन भी उपस्थित रहे।

### खर्रोही में किया गया था लाखों की शराब का भंडारण



**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन की नशा विरोधी मुहिम के तहत खजुराहो थाना पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की है। बताया गया है कि खजुराहो पुलिस द्वारा की गई इस छापामार कार्यवाही में अंग्रेजी और देशी शराब की करीब ढाई सैकड़ा पेटियां जप्त हुई हैं, जिनकी कीमत लाखों में है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर खजुराहो थाना प्रभारी ने अपनी टीम के साथ ग्राम खर्रोही में छापामार कार्यवाही की है। पूलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम खर्रोही के एक व्यक्ति द्वारा बड़ी मात्रा में अवैध शराब का भंडारण किया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जब संबंधित भवन की तलाशी ली तो यहां से पुलिस को अंग्रेजी और देशी शराब की करीब 250 पेटियां मिलीं, जिन्हें जप्त कर लिया गया है। जप्त अवैध शराब की कीमत 5 लाख से अधिक आंकी गई है।

### डॉ. सुरेन्द्र सिंह बुन्देला का निधन, अंतिम संस्कार आज



**छतरपुर।** छतरपुर के जाने-माने नेत्र रोग चिकित्सक डॉ. सुरेन्द्र ङ्कूसह बुन्देला का उनके सागर रोड स्थित निवास पर मंगलवार की सुबह हृदयगति रूक जाने से निधन हो गया। वे लगभग 70 वर्ष के थे। तीन दिन पहले ही वे अपने दिल्ली में रहने वाले पुत्र डॉ. यशपाल बुन्देला के घर से लौटे थे। उनके निधन की खबर से छतरपुर के चिकित्सा जगत और नगर में शोक की लहर है। उनका अंतिम संस्कार बुधवार की सुबह 9 बजे बिजावर रोड स्थित भैंसासुर मुक्तिधाम में होगा। उल्लेखनीय है कि डॉ. सुरेन्द्र सिंह बुन्देला छतरपुर के सबसे पुराने नेत्र रोग विशेषज्ञों में से एक रहे हैं। उन्होंने लंबे समय तक जिला अस्पताल में सेवाएं दीं और फिर सेवानिवृत्त होने के बाद वे अपने सागर रोड स्थित आवास पर भी नेत्र रोगियों की सेवा कर रहे थे। उनके पुत्र डॉ. यशपाल बुन्देला दिल्ली के जाने-माने न्यूरो सर्जन हैं और पुत्रवधू डॉ. अनुराधा बुन्देला भी दिल्ली में ही एक प्रख्यात स्त्री रोग चिकित्सक हैं। उनकी धर्मपत्नि श्रीमती विमल बुन्देला एक जानी-मानी कवियत्री हैं। डॉ. बुन्देला के निधन से पूरे परिवार में शोक है। प्रसंग नर्मदा आयोजन समिति, हम फाउण्डेशन एवं संस्कार भारती ने भी डॉ. बुन्देला के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# ड्यूटी पर जा रहे पुलिस जवानों का वाहन पलटा

## एसएएफ के 10 जवान घायल, एक की हालत गंभीर

छतरपुर।

**मंगलवार की सुबह बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ा स्थित बागेश्वर धाम में ड्यूटी करने जा रहे दतिया एसएएफ 29वीं बटालियन की ए कंपनी के जवानों से भरा पुलिस वाहन गंज तिराहा के समीप रेल्वे पुल पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में बटालियन के 10 जवान घायल हुए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई गई है।**



दतिया एसएएफ 29वीं बटालियन की ए कंपनी के जवान कोक सिंह परिहार उम्र 55 वर्ष ने बताया कि बटालियन की टुकड़ी हर मंगलवार और शनिवार को बागेश्वर धाम में ड्यूटी के लिए आती है। मंगलवार की सुबह वे दतिया से बागेश्वर धाम जा रहे थे, इसी दौरान गंज तिराहा के पास रेल्वे पुल के ऊपर उनके वाहन के सामने अचानक एक टैक्सी आ गई, जिसे बचाने के चक्कर में पुलिस वाहन रैलिंग से टकरा गया। रैलिंग से टकराने के कारण पुलिस वाहन का एक टायर ब्लास्ट हुआ और वाहन खाई में उतर गया। कोक सिंह के मुताबिक खाई में उतरने के बाद वाहन एक पेड़ से टकराकर रुक गया था, अन्यथा वाहन पलट जाता। उक्त घटना में बटालियन के 10 जवान घायल हुए हैं। घटना के बाद स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची बमीठा पुलिस ने सभी घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया।

जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. ओज दोसाज ने बताया कि उक्त घटना में दतिया एसएएफ 29वीं बटालियन की ए कंपनी के जवान बुधनाराम उम्र 55 वर्ष, संजय बट्टी उम्र 35 वर्ष, उदयभान सिंह 33 वर्ष, कोक सिंह 55 वर्ष, नजराम 60 वर्ष, अतेन्द्र सिंह 25 वर्ष, भीम सिंह दांगी 27 वर्ष, प्रधान आरक्षक जगदीश सिंह 48 वर्ष, शाहरुख खान 26 वर्ष और देवेन्द्र कुमार 26 वर्ष घायल हुए हैं। प्रधान आरक्षक जगदीश सिंह की हालत गंभीर थी, जिस कारण से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें ग्वालियर रेफर किया गया है।

### डीआईजी, एसपी ने घायलों से की मुलाकात

घटना की जानकारी मिलने के बाद छतरपुर रेंज के डीआईजी ललित शाक्यवार और पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायल जवानों से मुलाकात की और उनका हाल जाना। पुलिस अधिकारियों ने घायल जवानों का इलाज कर रहे चिकित्सकों से घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी भी ली।



# बक्सवाहा से अयोध्या के लिए निकले पैदल राम भक्त

बक्सवाहा।

अयोध्या में कई वर्षों के बाद विराजे भगवान श्रीराम के दर्शन की ललक के बाद नगर के युवाओं ने बक्सवाहा से पैदल चलकर अयोध्या पहुंचकर भगवान श्री राम के दर्शन करने का संकल्प लिया। मंगलवार को नगर के लोगों ने पैदल जा रहे युवाओं का जोरदार स्वागत किया और तिलक एवं फूलमाला पहनाकर विदाई दी।

पैदल चलने वाले श्रद्धालु जगदीश नापित ने बताया कि इस यात्रा में अमित बिल्थरे, सौरभ सोनी, कोमल पटेल, गनपत लोधी, लखन लोधी, दरबारी लोधी, विजय पाटकार, बसंत खटीक के साथ इस यात्रा को अयोध्या पहुंचकर संपूर्ण रूप दिया जाएगा इस यात्रा में प्रतिदिन लगभग 50 किलो मीटर पैदल चलना निश्चित किया गया है।

### हिंदू के साथ-साथ मुस्लिम भाइयों ने भी की विदाई

अयोध्या जा रहे सभी भक्तों को फूल माला एवं गुलाल लगाकर विदाई की वही अनवर खान ने यात्रा के सभी भक्तों को गुलाल एवं माला पहनाकर श्रीराम के जयकारे के साथ विदाई कीनगर में पैदल जा रहे भक्तों का जगह-जगह स्वागत किया गया और नगर के सभी मंदिरों के दर्शन के बाद अयोध्या के लिए प्रस्थान कराया गया।

# नौगांव पुलिस की बड़ी कार्रवाई, जुआ के फड़ पर मारा छापा

## फड़ से 5 ज़ुआरी सहित सबा लाख रुपए जप्त

नौगांव।

शहर के डिस्टलरी रोड पर स्थित एक खेत में लंबे समय से चल रहे जुआ फड़ पर छापामार कार्रवाई की गई। पुलिस को आता देख छापमार कार्रवाई से पहले ही फड़ पर भगदड़ मच गई। पुलिस ने घेराबंदी करके एक एक करके पांच जुआरियों को पकड़ने में सफलता हासिल की तो वहीं कुछ जुआरी मौके से भागने में सफल रहे। थाना पुलिस ने मौके से पकड़े पांच जुआरियों को गिरफ्तार करके इनके पास से 1 लाख 26 हजार नगद, मोबाइल फोन, ताश के 2

52 पत्ते जप्त कर हुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जुआ फड़ पर कार्रवाई कर पुलिस एकतरफ वाहवाही लूट रही है, तो वहीं दूसरी ओर पुलिस पर लेनदेन कर जुआ फड़ से कुछ जुआरियों को छोड़ने के आरोप लग रहे हैं। हालांकि पुलिस थाना प्रभारी ने लेनदेन के लग रहे आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

सोमवार की देर रात नौगांव थाना पुलिस ने शहर के डिस्टलरी रोड पर स्थित एक खेत में काफी दिनों से चल रहे जुआ फड़ पर कार्रवाई की गई। पुलिस थाना प्रभारी सतीश सिंह ने पुलिस टीम गठित कर मौके पर कार्रवाई के लिए पहुंची। पुलिस टीम को आता देख फड़ पर जुआ खेल रहे जुआरियों में भगदड़ मच गई। जुआरी मौके से भागने लगे जिस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी करके एक एक करके पांच जुआरियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है।पुलिस ने पकड़े गए जुआरियों को गिरफ्तार करक पुलिस थाना परिसर लाया गया। थाना में पुलिस ने



जुआरियों से पूंछतांछ की जिसमें जुआरियों में रवि नायक उम्र 34 साल निवासी नारायणपुरा रोड छतरपुर, राजेश कुमार साहू उम्र 29 साल निवासी महोबा रोड बौद्ध बिहार कालोनी छतरपुर थाना सिटी कोतवाली छतरपुर, मनीष लालवानी उम्र 36 साल निवासी चौक बाजार के पास छतरपुर, पंकज साहू उम्र 40 साल निवासी ट्रांसपोर्ट नगर नौगांव रोड छतरपुर, अरविन्द्र साहू उम्र 45 साल निवासी बैनी सागर मोहल्ला बस स्टैंड के पास पन्ना जिला पन्ना म.प्र. हाल निवासी ट्रांसपोर्ट नगर नौगांव रोड छतरपुर के रूप में पहचान हुई। पुलिस ने उक्त जुआरियों के पास से एवं फड़ से मिलाकर कुल 1 लाख 26 हजार रुपए एवं ताश के पत्ते जप्त किए। पुलिस ने पांचों जुआरियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मुकदमा पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक सतीश सिंह थाना प्रभारी, उनि नेहा सिंह गुर्जर चौकी प्रभारी गरौली, प्रआर गोविन्दास, प्रमोद शर्मा, देवीदास, रामराज सिंह, आरक्षक हरदीन, विवेक, जितेन्द्र, कमल सेंगर, वीरेन्द्र सिंह, अजय साहू, अनिल साहू की भूमिका रही।

### पुलिस पर लगे लेनदेन के आरोप

सोमवार की रात जब पुलिस जुआ के फड़ पर कार्रवाई करने पहुंची तो पुलिस को देख जुआरी भागने लगे। जिस पर पुलिस ने 5 जुआरियों को गिरफ्तार किया। तो वहीं पुलिस पर कुछ जुआरियों से लेनदेन कर उन्हें छोड़ने के भी आरोप लगे। हालांकि लेनदेन के आरोप पर पुलिस थाना प्रभारी सतीश सिंह का कहना है कि लेनदेन कर किसी को भी छोड़ने के आरोप गलत हैं।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से काल के गाल में समा गए चचेरे भाई

## रात के वक्त सागर-कानपुर हाईवे पर हुआ दर्दनाक सड़क हादसा

छतरपुर।

बीती रात सागर-कानपुर हाईवे पर गुलगंज थाना क्षेत्र में किसी अज्ञात वाहन ने एक बाईक को टक्कर मार दी, जिससे बाईक पर सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया है कि दोनों मृतक चचेरे भाई थे। घटना के बाद एंबुलेंस की मदद से दोनों के शवों को जिला अस्पताल लाया गया था, जहां मंगलवार की सुबह पोस्टमार्टम हुआ।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक गुलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ा कांटी का रहने वाला 29 वर्षीय योगेन्द्र कुशवाहा अपने चचेरे भाई भागीरथ कुशवाहा उम्र 24 वर्ष के साथ किसी काम से अनगौर गया था। रात करीब 11 बजे जब वह अपने घर वापिस जा रहा था तभी हाईवे पर अनगौर और गुलगंज के



बीच किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाईक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन मौके से भाग निकला था, जिसके बारे में किसी को जानकारी नहीं है। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस की मदद से दोनों के शव जिला अस्पताल लाए गए, साथ ही परिजनों को सूचित किया गया। मंगलवार की सुबह परिजनों की मौजूदगी में दोनों मृतकों का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किए जाने बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।

# जिला बदर की कार्यवाही का उल्लंघन कर रहे दो अपराधी पकड़े गए

छतरपुर।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले की सीमाओं से निरुद्ध किए गए अपराधियों की लगातार निगरानी कराई जा रही है। इसी क्रम में कोतवाली थाना पुलिस द्वारा दो जिला बदर अपराधियों को गिरफ्तार करने की कार्यवाही की गई है। थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि जिला दण्डाधिकारी ने शातिर अपराधी शेख मुजीब उर्फ मुज्जु उर्फ विठ्ठल कानिया और जगीरा उर्फ वाहिद मुसलमान के विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही की थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जब दोनों की जांच की गई तो वे कार्यवाही का उल्लंघन करते हुए जिले की सीमा



में पाए गए। थाना प्रभारी ने बताया कि वि_ल कानिया को नया मोहल्ला के मीट मार्केट से और वाहिद मुसलमान को पंचदेव मंदिर बड़े तालाब के पास से गिरफ्तार किया गया है। दोनों के पास से एक-एक अवैध कट्टा और कारतूस मिले हैं। पकड़े गए अपराधियों पर जिला बदर की कार्यवाही का उल्लंघन करने और आम्र्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर कार्यवाही की जा रही है।

# निर्वाचन गतिविधियां राजनैतिक दलों की उपस्थित में ही कराएं

छतरपुर।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. की उपस्थित में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एआरओ, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार एवं तकनीकी विशेषज्ञों को चुनाव ड्यूटी प्रमाण पत्र, डाक मतपत्र, मार्क कॉपी इत्यादि कार्यों का मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान एडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मिलिंद नागदेवे, नोडल अधिकारी जी.एस. पटेल, एआरओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जीआर ने निर्देशित किया कि डाकमत पत्र के संबंध में सभी गतिविधियों को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थित एवं उनकी जानकारी में लाकर ही करें। उन्होंने नगरीय निकायों के सीएमओ एवं सीईओ जनपद को संपत्ति विरूपण के तहत प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही



एफएसटी एवं एसएसटी के दल भी प्रभावी कार्यवाही करें। जिससे जिले के अंदर अवैध सामग्रियों प्रवेश को रोका जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोकसभा चुनाव की सभी गतिविधियों को गंभीरता से नियमानुसार ही ध्यान में रख कर किया जाए। साथ ही मतदान केन्द्रों में सभी प्रकार की मूलभूत व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डाक मतपत्र से मतदान की प्रक्रिया को नियमानुसार पूर्ण कराएं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण में निर्वाचन गतिविधियों की बारीकियों को समझे एवं प्रश्न भी पूछे।

## खबर संक्षेप



### आज तीन अभ्यर्थियों ने अपने नामांकन प्रस्तुत किये



**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए रीवा संसदीय क्रमांक 10 के निर्वाचन हेतु आज 2 अप्रैल को तीन अभ्यर्थियों ने अपने नामांकन प्रस्तुत किये। जनार्दन प्रसाद मिश्रा ने भारतीय जनता पार्टी, बाबूलाल सेन ने मौलिक अधिकार पार्टी तथा अभिषेक कुमार पटेल ने बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी के तौर पर अपने नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल के समक्ष प्रस्तुत किये। अब तक कुल 4 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं। नामांकन पत्र 4 अप्रैल को दोपहर बाद 3 बजे तक दाखिल किये जा सकते हैं।

### निर्वाचन कार्य का प्रशिक्षण आज से

**रीवा।** लोकसभा चुनाव के लिए रीवा संसदीय क्षेत्र में मतदान की तिथि 26 अप्रैल निर्धारित की गयी है। मतदान दल में शामिल पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों को निर्वाचन कार्य का प्रशिक्षण 3 अप्रैल एवं 4 अप्रैल को दिया जायेगा। इस प्रशिक्षण में विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में मतदान केन्द्र में तैनात होने वाले कर्मचारी भी शामिल होंगे। इस संबंध में प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि प्रशिक्षण शासकीय टीआरएस कालेज रीवा, शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय रीवा एवं शासकीय विधि महाविद्यालय रीवा में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण दोनों दिवसों में दो पालियों में आयोजित होगा। प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तथा दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्रशिक्षण होगा। सभी पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी तथा विशेष पुलिस अधिकारी प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे।

### मतदाता जागरूकता के लिए मैराथन दौड़ का आयोजन आज

**रीवा।** लोकसभा चुनाव में रीवा संसदीय क्षेत्र में प्रत्येक मतदाता की भागेदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मैराथन दौड़ 3 अप्रैल को शाम 5 बजे स्पोर्टस काम्पलेक्स से प्रारंभ होकर विश्वविद्यालय रोड होते हुए कालेज चौराहा, शिल्पी प्लाजा, सांई मंदिर, गायत्री मंदिर से पुलिस कंट्रोल रूम में समाप्त होगी। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मैराथन के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी।

### मतदान अधिकारी क्रमांक 2 व 3 का प्रशिक्षण 3 अप्रैल से

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान दलों के लिए नियुक्त मतदान अधिकारी क्रमांक 2 व 3 का प्रथम चरण का प्रशिक्षण 3 एवं 4 अप्रैल को आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण प्रभारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, शासकीय विधि महाविद्यालय एवं टीआरएस महाविद्यालय में प्रथम पाली में प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान अधिकारी क्रमांक 2 व 3 को उपस्थिति के निर्देश दिये हैं।

### उत्साह पूर्वक मनाया होली मिलन समरोह

**कटनी।** रजक समाज जन जागृति विकास समिति, कटनी नेतृत्व में होली मिलन "रंगपंचमी" समारोह का आयोजन रेखा रामगोपाल रजक सचिव महिला इकाई के निज निवास ग्राम करहिया कला में मुख्य अतिथि सुमन रजक एवं अध्यक्षता श्याम लाल रजक के उपस्थिति में स्वच्छता अभियान के जनक संत शिरोमणि गाडगे महाराज के छायाचित्र में पुष्प अर्पित टीका वंदन कर उत्साह पूर्वक से होली मिलन एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर मनाया गया।

### भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा का नामांकन दाखिल कराने रीवा पहुंचे सीएम

# मोदी सरकार ने सीमा के जवान और खेत में किसान के सम्मान को बढ़ाया : डॉ. मोहन यादव

**रीवा।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा के सर्मथन में आम सभा को संबोधित करने के लिए रीवा पहुंचे। शहर के व्यंकट भवन के पास आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि देश को उन्नति के रास्ते पर आगे बढ़ाने के लिए एक बार फिर केंद्र में मोदी सरकार को लाना होगा। जिस तरह से मोदी सरकार ने पिछले दस सालों में देश का विकास हर क्षेत्र में तत्परता के साथ किया है, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि पीएम मोदी के हाथों में ही हमारा देश सुरक्षित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा हिंदुओं की भावनाओं को आघात पहुंचाया है। जब सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण के बाद उद्घाटन हो रहा था, उस समय भी कांग्रेस पार्टी की हिंदू विरोधी मानसिकता सबके सामने आ गयी। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी ने राममंदिर उद्घाटन का निमंत्रण ठुकराया है, अब जनता उन्हें ठुकराएगी। कांग्रेस पार्टी ने देश की आजादी के बाद विंध्य क्षेत्र की निरंतर उपेक्षा की है। जिस देवभूमि में भगवान श्रीराम ने वनवास के पूरे साढ़े ग्यारह साल गुजारे, वहां का विकास तो 70 साल पहले हो जाना चाहिए था, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने ऐसा होने नहीं दिया। केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद पूरे विंध्य क्षेत्र में विकास को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। रीवा के लोगों में काम करने की काबिलियत है और उनमें क्षमता है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि कृषि क्षेत्र में मध्यप्रदेश देश के अंदर सबसे तेज प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब आपने पहली बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया तो जवानों के सिर काटने वाले आंतकवादी संगठन के लोगों को घर में घुसकर मारने का काम सरकार ने किया। इस दौरान




### जिस पार्टी ने राम मंदिर का आमंत्रण ठुकराया, अब जनता उसे ठुकराएगी

उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरिश गौतम, विधायक नागेंद्र सिंह, दिव्य राज सिंह, प्रदीप पटेल, सिद्धार्थ तिवारी राज, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ अजय सिंह सहित भाजपा के अन्य विधायक और पदाधिकारी मंचासीन रहे।

#### देश में तीसरी बार बनेगी मोदी सरकार - डिप्टी सीएम

आमसभा को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि जन जन का अटूट विश्वास देखकर स्पष्ट नजर आ रहा है कि देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने वाली है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार ने रीवा को विकास का माडल बनाया है। रीवा से सिंगरौली रेल लाइन का प्रोजेक्ट जल्द पूरा होने वाला है। इसके लिए सांसद जनार्दन मिश्रा सहित सतना और सीधी सांसद ने अथक प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि रीवा में एयरपोर्ट की सौगात मिल गई है, जल्द ही इसका लाभ जनता को मिलने लगेगा। सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि पिछले दस सालों में गांव और शहर सबके लिए विकास का काम जिम्मेदारी के साथ किया है। कोरोना काल में दो साल जनसेवा का दायित्व निभाया। उन्होंने कहा कि रीवा शहर में उनका या फिर उनके परिजनों का एक घर तक नहीं है।

#### न्याय की मांग लेकर सीएम से मिलने आई महिला को पुलिस ने खदेड़ा

हाल मे ही बैकुंठपुर थाना अंतर्गत नवविवाहिता की मौत शिकायत लेकर सीएम से मिलने आई मृतक की मां व उसके परिजनों को पुलिस ने सीएम मोहन यादव से नहीं मिलने दिया जिससे नाराज महिला ने




जमकर हंगामा किया महिला का आरोप है कि हमारी बेटी की ससुराल वाले दहेज की माग कर रहे थे दहेज न देने के कारण हमारी बेटी को मारकर फांसी के फंदे में लटका दिए दोषियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है जिसकी शिकायत लेकर वह सीएम मोहन यादव से मिलने आई थी लेकिन पुलिस ने मिलने नहीं दिया जिसके कारण महिला व उसके परिजनों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ! जनसभा के पश्चात प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल की अगुवाई में वरिष्ठ नेता विधायक गिरीश गौतम, नागेन्द्र सिंह, दिव्यराज सिंह, प्रदीप पटेल, सिद्धार्थ तिवारी, इंजी. नरेन्द्र प्रजापति के साथ कोठी कम्पाउण्ड से रथ में सवार होकर शिल्पी प्लाजा होते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। जहां भाजपा लोकसभा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा का नामांकन दाखिल करवाया।

## बड़ी संख्या में कांग्रेसीजनों ने थामा भाजपा का हाथ





**रीवा ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के हाथों रीवा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मुजीब खान ने सैकड़ों अल्प संख्यक कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। वहीं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुबोध पाण्डेय, कृष्णा तिवारी, मृगेन्द्र नाथ त्रिपाठी, भोला प्रसाद द्विवेदी, प्रियंका तिवारी, एड. कमलेश्वर तिवारी की अगुवाई में सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के हाथों भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री द्वारा सभी को पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर पार्टी में स्वागत किया, और सभी कार्यकर्ताओं का पार्टी में प्रवेश दिलाते हुए सभी से देश और प्रदेश के विकास में योगदान देने की अपील की।

## छोटी दरगाह स्कूल मदरसा फर्जी अध्यक्ष कि जिला सत्र न्यायालय रीवा से जमानत हुई निरस्त

रीवा । हाल मे छोटी दरगाह स्कूल संस्था का फर्जी अध्यक्ष बनकर मदरसे का हाल दे दिया किराए फर्जी एग्रीमेंट बनाने वाले मोहम्मद सागीर कोलवाली व अमाहिया पुलिस ने गिरफ्तार करके सलाखों के पीछे भेजा था जिसमे मोहम्मद सगीर बनाम मध्य प्रदेश राज्य पुलिस आरक्षी केंद्र अमहिया द्वारा फरियादी मोहम्मद वारिस खान बेल नंबर 525 /2024 द्वितीय अपर सत्र न्यायालय से आज दिनांक 2/4/ 2024 धारा 420 , 467 ,468 ,की जमानत निरस्त किया गया है मोहम्मद सगीर आरोपी के तरफ से पैरवी कर रहे थे अधिवक्ता राघवेंद्र मिश्रा और फरियादी वारिस खान की तरफ से पैरवी कर रहे थे अधिवक्ता बिजेन्द्र गुप्ता बिज्जी ।



## उपसरपंच की अगुवाई में शराब दुकान खोलने का ग्रामीणों ने किया विरोध

**जगतपुर उमरिया में शराब दुकान खोलने से लोग आक्रोशित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा उपसरपंच अनुराग गुप्ता के नेतृत्व में ग्राम जगतपुर उमरिया के ग्राम वासियों ने महिला पंचों तथा महिला व पुरुषों के साथ संयुक्त रूप से बड़वारा तहसीलदार संदीप सिंह को ज्ञापन सौंपकर जगतपुर उमरिया में शराब दुकान खोले जाने पर रोष व्यक्त किया है एवम अपना विरोध जताया है।

बड़वारा ग्राम पँचायत अंतर्गत जगतपुर उमरिया में शराब ठेकेदार के द्वारा शराब दुकान खोले जाने का ग्राम वासियों ने बड़वारा के उपसरपंच अनुराग गुप्ता तथा महिला पंचों व महिलाओं के साथ पुरुषों ने भी शराब दुकान खोले जाने पर आक्रोश व्यक्त कर बड़वारा तहसीलदार संदीप सिंह को ज्ञापन सौंप कर अपना रोष व्यक्त किया है। बड़वारा के उप सरपंच अनुराग गुप्ता ने ग्राम वासियों के साथ ज्ञापन सौंपते हुए बड़वारा तहसीलदार संदीप सिंह को बताया कि ग्राम जगतपुर उमरिया स्थित खसरा नम्बर 216 जो कि शासकीय नम्बर है इसी खसरा नम्बर पर पँचायत के द्वारा पुस्तकालय भवन का निर्माण भी करवाया गया है किन्तु इसी शासकीय भूमि पर नर्बद कोल द्वारा पक्का मकान निर्माण करवा कर दुकान भी बनवा ली गई है जिसका आवेदन ग्राम पँचायत द्वारा पूर्व में भी दिया जा चुका है। अब नर्बद कोल द्वारा बनवाई गई इसी दुकान पर शराब ठेकेदार द्वारा दुकान का सञ्चालन किया जा रहा है। ग्राम वासियों का कहना है कि ग्राम में शराब दुकान संचालित होने से ग्राम का माहौल खराब होगा इसी मेन रोड पर शासकीय स्कूल व खेर माता स्थित है जिससे लोगों की भावनाएं आहत होंगी। ग्राम वासियों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि यदि एक सप्ताह के अंदर जगतपुर उमरिया में शराब दुकान बन्द नही की जाती तो ग्राम वासी आंदोलन करने को वाध्य होंगे जिसकी जबावदेही शासन प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान श्रीमती काशीबाई विश्वकर्मा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, धनिया बाई विश्वकर्मा आशा कार्यकर्ता, फुलझरिया बाई महिला पंच, मंटो बाई महिला पंच, राजकुमारी, मीरा विश्वकर्मा, फूलबाई, ओमती, सरोज बाई,धना बाई, शील बाई आदि शामिल रहीं।



## शासकीय विद्यालयों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित



कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन पर सोमवार 1 अप्रैल को जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में हर्ष और उल्लास के साथ प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के चेहरे खिले नजर आये। प्रवेश उत्सव में कक्षा पहली, कक्षा छठवीं और कक्षा 9वीं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान नि: शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया जाकर शिक्षकों द्वारा स्कूलों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी उपस्थित जनों को दी गई एवं अभिभावकों एवं पालकों से विद्यार्थियों को प्रतिदिन स्कूल भेजने का आग्रहा किया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के तहत शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद, हरदुआ,खरखरी,उत्कृष्ट कटनी , सी एम राइज कटनी विद्यालय में उल्लास के साथ प्रवेश उत्सव मनाया गया।

## मेंहदी लगाकर छात्राओं ने लोगों को दिया मतदान करने का संदेश

### शत प्रतिशत मतदान के लिए किया गया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहडोल लोकसभा संसदीय क्षेत्र में आगामी 19 अप्रैल को मतदान होगा।लोकतंत्र के इस पर्व पर शत प्रतिशत मतदान हो, मतदाता मतदान के लिए बढ़चढ़कर हिस्सा लें इसके लिए स्वीप अभियान अंतर्गत मतदाता जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में रविवार को आयोजित होने वाली सीएमसीएलडीपी कक्षाओं के छात्रों ने मतदान को लेकर प्रेरित किया।

जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल के निर्देशन और विकासखंड समन्वयक बबीता शाह के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं ने अपने हाथों पर मतदान संबंधी मेहंदी लगा कर मतदान करने का संदेश दिया। ये छात्र-छात्राएं गांव तथा कस्बों में भी मतदाता जागरूकता अभियान चला रहे हैं। इस मौके पर छात्र-छात्राओं को भी शत- प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

इस मौके पर सेक्टर प्रभारी अंकित झारिया,कोदूलाल हल्दकार, विकास हल्दकार,सतेंद्र सिंह राजपूत, परामर्शदाता सुमित सिंह ठाकुर, शैलेष दुबे, सुरेश दुबे, धर्मेन्द्र गर्ग, अमरदीप सिंह जोगी सहित बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण में डस्ट से की गई दीवार जुड़ाई को नहीं गिराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

विजयराघवगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम गोहावल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत उप स्वास्थ्य की बिल्डिंग लगभग 50 लाख से अधिक की लागत से बनाई जा रही है। जिसमें दीवाल की जोड़ाई डस्ट से की जा रही थी जिसकी शिकायत मिलने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा गंभीरता के साथ संज्ञान में लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तुरंत जांच के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर अवि प्रसाद के आदेश के पालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कटनी के द्वारा निर्माण स्थल गोहावल 13-3-24 को पहुंच कर जांच किया गया जिसमें अधिकारी के द्वारा जांच के दौरान पाया कि गोहावल में बन रही स्वास्थ्य विभाग की बिल्डिंग के दीवाल की जोड़ाई डस्ट से की जा रही है जांच अधिकारी के द्वारा पत्र क्रमांक डी.पी.एम.यू/ विकास/ 2024/2479 में साफ-साफ जिम्मेदार अधिकारी एवं ठेकेदार को आदेश दिया गया है कि उप स्वास्थ्य विभाग द्वारा गोहावल में बनाई जा रही बिल्डिंग जो कि डस्ट से जोड़ाई की गई है उसे गिराया जाए और सूचित किया जाए कि डस्ट से जोड़ाई की गई दीवाल को नष्ट कर गुणवत्ता युक्त अस्पताल की बिल्डिंग बनाई जाए, पर ऐसा कुछ नहीं किया गया।